**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 21.06.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जयपुर–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस और लालगढ–साबरमती एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाई– खातीपुरा मेगा कोच टर्मिनल के लोकार्पण सहित कई रेल सुविधाओं की सौगात दी।**

- **12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश–विदेश में योगाभ्यास के कार्यक्रम हुए–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।**

- **प्रधानमंत्री ने कोलकाता में स्वदेशी रूप से निर्मित नौसेना के तीन पोत राष्ट्र को समर्पित किए।**

- **नीट–यूजी–2026 पुनर्परीक्षा देश के 5 हजार से अधिक केंद्रों और विदेश के 14 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई।**

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन से जयपुर–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। साथ ही उन्होंने खातीपुरा में मेगा कोच टर्मिनल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेल मंत्री ने 41 छोटे और मध्यम स्टेशन पर नये प्लेट फार्म विस्तार और 16 स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम से पहले मीडिया से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि जयपुर शहर की आवश्यकताओं को देखते हुए मेगा कोच टर्मिनल का निर्माण किया गया है। यहां एक महीने में करीब साढे चार सौ रेल गाड़ियां मेन्टेन हो सकेंगी, जिनमें आधुनिक गाड़ियां भी शामिल हैं।

..........................

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजस्थान के निवासियों को आज मिली रेल यात्री सुविधाओं से काफी फायदा होगा।

..........................

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने आज बीकानेर से जयपुर निरीक्षण के दौरान सीकर स्टेशन पर पूर्व सांसद सुमेधानन्द सरस्वती के साथ चर्चा की। उन्होंने सुंदरपुरा स्टेशन के निर्माण कार्य की मंजूरी और जल्द कार्य शुरू होने के बारे में जानकारी दी। इस स्टेशन के निर्माण से खाटूश्याम जी आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी और उनका आवागमन सुगम हो जाएगा। इससे पहले बीकानेर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेलमंत्री ने बीकानेर से लालगढ़– साबरमती एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस ट्रेन से गुजरात और राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि सरहदी क्षेत्रों में रेल नेटवर्क पंहुचने से न केवल क्षेत्र के लोगों को रेल सेवाएं मिलेगी, बल्कि यह परियोजना सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगी। श्री वैष्णव ने बताया कि राजस्थान में 76 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इस दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे।

000

दुनियाभर में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है – बढती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश के जबलपुर में योग दिवस समारोह में योग किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि योग भारत की महान परंपरा का प्रतीक है, जो स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग दिखाता है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज लद्दाख के लेह में आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से स्वस्थ, सुखी और शांतिपूर्ण समाज के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। आज मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर हुआ। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योगाभ्यास का नेतृत्व करते हुए कहा कि योग सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

...................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। वहीं प्रदेश में सभी जिलों, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योग कार्यक्रम आयोजित हुए। राजधानी जयपुर के एसएमएस के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी जयपुर के जंतर–मंतर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इसमें 18 देशों के विद्यार्थी शामिल हुए। सिरोही के आबूराज में आयोजित हुए सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा योग न सिर्फ शरीर और मन को जोडता है बल्कि विश्व को जोड़ने का काम भी कर रहा है। बीकानेर के करणी सिंह स्टेडियम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने योग शिविर में योगाभ्यास किया। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे। बाड़मेर में आदर्श स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं राजसमंद झील की नौ चौकी पाल पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी और आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सवाईमाधोपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से योगाभ्यास, योग संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पाली में जिला स्तरीय सामुहिक योग कार्यक्रम लाखोटिया उद्यान में आयोजित किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि योग हमारे मन, शरीर और आत्मा की एकता से जुड़ा है। यह हर उम्र में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर केंद्रित है ताकि लोग लंबे समय तक सक्रिय और स्वस्थ रह सके। आज जयपुर के बिड़ला सभागार में आरोग्य महोत्सव को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग एक दिवस नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अब स्वास्थ्य के लिए एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने योग को जीवन की आदत बनाने का आह्वान किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में स्वदेश निर्मित भारतीय नौसेना के तीन पोत – आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में कई नीतिगत सुधार किए हैं और घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं।

...................

नौसेना के अनुसार, इन पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आबूराज के पर्यटन, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय विशेषताओं के अनुरूप सर्वांगीण विकास का ब्लूप्रिंट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विकास कार्यों को समन्वय के साथ समय पर पूरा करने और संभागीय आयुक्त और मुख्य सचिव को लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा आज सिरोही जिले के आबूराज में आबूपर्वत विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आबूराज में शहरी विकास, सड़क, पार्किंग, आवागमन के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं

विकसित की जाएं, ताकि अधिक से अधिक पर्यटकों का आगमन हो। उन्होंने कहा कि विवेकानंद पार्क और गुरु शिखर का सौंदर्यकरण, अर्बुदा माता मंदिर तथा दत्तात्रेय मंदिर के विकास कार्यों, ईवी व्हीकल को बढ़ावा देने और भारत माता नमन स्थल को नमो उद्यान के रूप में विकसित करने सहित विभिन्न विकास कार्यों से आबूराज इको फ्रेंडली बन सकेगा। मुख्यमंत्री ने आज गुजरात के मां अम्बाजी शक्तिपीठ में दर्शन कर देश–प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

000

राष्ट्रीय पात्रता सह–प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी की पुनर्परीक्षा आज कड़ी सुरक्षा के बीच देश के 5 हजार से अधिक केंद्रों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित की गई। 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस बार विद्यार्थियों को नये प्रवेश पत्र और वैध फोटो पहचान पत्र से ही प्रवेश दिया गया। इधर, प्रदेश में री–नीट पुनर्परीक्षा के लिए 25 जिलों में 577 परीक्षा केन्द्र बनाए गये थे। जयपुर के 103 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 37 हजार 108 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस बार अभ्यर्थियों को 15 मिनिट का अतिरिक्त समय दिया गया, इससे परीक्षा अवधि 180 मिनिट से बढ़कर 195 मिनिट हो गई। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, प्रशासन, एसओजी और आईबी पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहे। इससे पहले परीक्षा को लेकर केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

000

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उस दावे का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 6 हजार 550 रुपये के प्रोसेसिंग शुल्क पर 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने स्पष्ट किया कि इससे संबंधित पत्र पूरी तरह फर्जी है। इकाई ने बताया कि मुद्रा एक पुनर्वित्त एजेंसी है और यह व्यक्तियों या सूक्ष्म उद्यमियों को सीधे ऋण नहीं देती।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

000